मध्यप्रदेश राज्य वन अनुसंधान संस्थान, जबलपुर
44वीं अनुसंधान सलाहकार समिति की बैठक
दिनांक 16.09.2019

मध्यप्रदेश राज्य वन अनुसंधान संस्थान, जबलपुर की 44वीं अनुसंधान सलाहकार समिति की बैठक दिनांक 16.09.2019 को प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख, मध्यप्रदेश की अध्यक्षता में वानिकी परियोजना सभाकक्ष, सतपुड़ा भवन, भोपाल में आयोजित की गई।

प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं संचालक, राज्य वन अनुसंधान संस्थान, जबलपुर द्वारा अनुसंधान सलाहकार समिति के माननीय अध्यक्ष महोदय तथा सदस्यों के स्वागत उपरान्त् संस्थान के वैज्ञानिकों एवं वरिष्ठ अनुसंधान अधिकारियों द्वारा विभिन्न प्रचलित अनुसंधान परियोजनाओं, पूर्ण अनुसंधान परियोजनाओं एवं प्रस्तावित परियोजनाओं से संबंधित प्रस्तुतिकरण दिया गया। बैठक में माननीय अध्यक्ष महोदय तथा सदस्यों द्वारा अनुसंधान परियोजनाओं के संबंध में आवश्यक सुझाव प्रदान किये गये।